<u>**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई)**</u>

<u>**फरवरी 2021 माह का सारांश**</u>

**माह के मुख्य कार्यक्रम निम्नलिखित हैं:**

1. कौशल विकास में राज्यों की भूमिका से संबधित एक प्रस्तुति 06 फरवरी को राज्य के मुख्य सचिवों की बैठक में तैयार की गई थी, यह 20 फरवरी को आयोजित नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक की प्रारंभिक बैठक है।

2. श्रम और रोजगार से संबंधित संसदीय स्थायी समिति की बैठक 18 फरवरी को आयोजित की गई थी जिसमें मंत्रालय के लिए अनुदान की मांग प्रस्तुत की गई थी।

3. 09 फरवरी को नीति आयोग द्वारा आयोजित एक कार्यशाला में आकांक्षात्मक जिलों के लिए कौशल योजना प्रस्तुत की।

4. कौशल विकास से संबंधित बजट घोषणाओं के बारे में मीडिया को जानकारी देने हेतु 11 फरवरी को सचिव द्वारा एक प्रेस बैठक आयोजित की गई।

5. विश्व बैंक वित्त पोषित कार्यक्रम संकल्प के अंतर्गत नौ आईआईएम नामत: बैंगलोर, अहमदाबाद, लखनऊ, कोझीकोड, विशाखापत्तनम, उदयपुर, नागपुर, रांची और जम्मू के साथ साझेदारी से महात्मा गांधी राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति (एमजीएनएफ) कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर चलया गया था।

6. वामपक्ष उग्रवाद प्रभावित 47 जिलों में कौशल विकास संबंधी स्कीम को जारी रखने के लिए 16 फरवरी को एसएफसी की एक बैठक आयोजित की गई थी।

7. एनसीवीईटी द्वारा राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषदों और राष्ट्रीय व्यासायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) सहित 02 फरवरी को सभी कौशल विनियामकों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें विनियामकों से संबंधित भूमिकाओं के साथ देश के विनियामक रोड मैप पर चर्चा की गई।

8. भारत अंतर्राष्ट्रीय कौशल केंद्र (आईआईएससी) नेटवर्क के सदस्यों और जनशक्ति नियोजन एजेंसियों के साथ 23.02.2021 को वर्चुअल बैठक आयोजित की गई थी, जिसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भारत से कार्यबल की आपूर्ति करने वाली इन एजेंसियों के साथ विचार-विमर्श करना और वीजा विनियमों, अंतर्राष्ट्रीय कौशल प्रमाणन, भाषा प्रशिक्षण, आदि जैसे मुद्दों से संबंधित विभिन्न आवश्यकताओं और चुनौतियों पर ध्यान देना था।

9. विश्व बैंक वित्त पोषित कार्यक्रम स्ट्राइव की राष्ट्रीय संचालन समिति की बैठक 24 फरवरी 2021 को आयोजित की गई थी।

10. संकल्प के अंतर्गत केरल, लक्षद्वीप, तमिलनाडु और पुदुचेरी की राज्य और जिला कौशल समिति के अधिकारियों की क्षमता निर्माण के लिए केरल स्थानीय प्रशासन संस्थान (केआईएलए) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।

11. जिला कौशल विकास योजना पुरस्कारों के लिए मूल्यांकन भागीदारों के रूप में आईआईटी दिल्ली और आईआईटी खड़गपुर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।

12. प्रबंधन और उद्यमशीलता तथा व्यावसायिक कौशल परिषद (एमईपीएससी) के साथ भागीदारी से संकल्प के अंतर्गत महिला-पुरुष संचेतना पैदा करने और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम से संबंधित प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया।

13. व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए जीआईजेड इंडो जर्मन कार्यक्रम, महाराष्ट्र कौशल विकास सोसाइटी और ऑटोमोटिव कौशल विकास परिषद के साथ भागीदारी से क्लस्टर आधारित प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी) का शुभारंभ किया गया था।

14. ''विशिष्ट कुशल कमगारों (एसएसडब्ल्यू)'' से संबंधित भारत-जापान जेडब्ल्यूजी की प्रथम बैठक 08 फरवरी को आयोजित की गई थी। एसएसडब्ल्यू के अंतर्गत प्रायोगिक बैच कार्यक्रम के संचालन के लिए अनन्तिम योजना विदेश मंत्रालय को भेजी गई थी।

15. एनसीवीईटी के नए नियमों के तहत अवार्डिंग बॉडी के रूप में प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) में अपने कार्यों को विनियमित करने के लिए शीर्ष समिति का गठन किया गया था।

16. भारतीय उद्यमशीलता संस्थान (आईआईई), गुवाहाटी की 40वीं कार्यकारी समिति और 35वीं शासी परिषद की बैठकें सचिव, एमएसडीई की अध्यक्षता में 16 फरवरी को आयोजित की गईं।

17. जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में कौशल विकास कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा करने के लिए 10 फरवरी को बैठक हुई।

18. वाराणसी में भारत के प्रथम राष्ट्रीय कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना पर चर्चा करने के लिए 23 फरवरी को माननीय कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री की अध्यक्षता में एक परामर्श बैठक आयोजित की गई। बैठक में एमएसडीई, एनसीवीईटी, शिक्षा मंत्रालय और यूजीसी के अधिकारियों ने भाग लिया।

19. राष्ट्रीय कौशल अर्हता समिति (एनएसक्यूसी) की छठी बैठक 25 फरवरी को आयोजित की गई थी, जिसमें दस अर्हताओं को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया था। समिति ने नौ अर्हताओं को अनुमोदित किया, जबकि एक अर्हता को सशर्त मंजूरी दी गई। इसके साथ, कुल 4137 अर्हताओं को एनएसक्यूएफ के अनुरूप किया गया है। इसके अलावा, समिति ने एमओएचएफडब्ल्यू की टिप्पणियों के आधार पर स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र से संबंधित अर्हता को निष्क्रिय करने की पुष्टि की।

20. मानकीकृत प्रमाणीकरण, जिसमें विभिन्न अवार्डिंग बॉडी और राज्यों ने भाग लिया था, सहित नई कौशल नियामक व्यवस्था को स्पष्ट करने के लिए एनसीवीईटी द्वारा 02 फरवरी को पक्षपोषण और स्पष्टीकरण कार्यशालाओं की एक श्रृंखला का आयोजन किया गया था।

21. टॉय स्टोरी में एमएसडीई के योगदान के रूप में, टॉय उद्योगों के लिए कौशलीकरण स्कीम से संबंधित एक अवधारणा नोट को अंतिम रूप दिया गया था और टिप्पणियों हेतु भेजा गया था।

22. प्रतिरक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के प्रयास के रूप में, रक्षा उद्योग (नामत: एनआईपीयूएन) के लिए कौशलीकरण संबंधी एक नए कार्यक्रम हेतु अवधारणा नोट को अंतिम रूप दिया गया और टिप्पणियों के लिए रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को भेजा गया।

23. केंद्रीय कर्मचारी प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (सीएसटीएआरआई) द्वारा एनएसटीआई/आईटीआई (सरकार तथा निजी) के मास्टर प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण का एक ऑनलाइन मिश्रित शिक्षण प्रशिक्षण सर्वाधिक मांग वाले छह ट्रेडों (फिटर, इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिक डीजल, कोपा, कॉस्मेटोलॉजी और वेल्डर) में आयोजित किया गया था। अब तक, मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा आईटीआई के 6,656 प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

24. आईटीआई में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षुओं के लिए इस वर्ष पहली बार कंप्यूटर आधारित परीक्षण (सीबीटी) शुरू किया गया, जो फरवरी 2021 के महीने में जारी रहा। देश भर में 5 लाख से अधिक आईटीआई शिक्षुओं ने फरवरी 2021 के महीने में सीबीटी परीक्षण दिया है।

*******